प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 19.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड में पहली बार आसमान में दिखा वायुसेना का शौर्य, जांबांजों ने दिखाए अपने अपने एयर शो के करतब।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने स्पेन और स्वीडेन दौरे पर औद्योगिक और उर्जा निवशों को लेकर करेंगे बैठक। बीटूबी बैठकों के दौरान झारखंड के महत्वकांक्षी औद्योगिक रोडमैप की देंगे जानकारी।
3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम किया जारी, रांची निवासी मोहम्मद अनस ऑल इंडिया टॉपर लिस्ट में भाामिल।
4. वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम के विरोध में पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए पाकुड़ में 15 मई तक निषेधाज्ञा लागू।
5. सउदी अरब के दम्माम में आयोजित एशियाई अंडर–18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने जीता 11 पदक, झारखंड के साकेत मिंज की चार सदस्यीय टीम ने मेडले रिले में रजत पदक जीता।

********************

झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना के एयर शो का नजारा देखने को मिला। आज सुबह नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में इस शानदार शो का आयोजन हुआ। जहां भारत के जांबाज अपने–अपने एयर शो का करतब दिखाते नजर आए. कल भी वायु सेना के जांबाज सुबह नौ बजे से करतब दिखाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हो जाएगा। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगंतुक और दर्शक अपने साथ किसी भी तरह का खाद्य पदार्थ लेकर नहीं आएं क्योंकि पक्षियों के आकर्षित होने से एयर शो में खलल पड़ सकती है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और उर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आज से स्पेन दौरे पर हैं। झारखंड का प्रतिनिधिमंडल आज स्पेन और स्वीडन में औद्योगिक समूहों से बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बीटूबी बैठकें स्पैनिश कंपनियों को झारखंड के औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक–निजी सहयोग की जानकारी देंगी।

********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिया हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। इनमें रांची निवासी मोहम्मद अनस, दिल्ली के दक्ष और हर्ष झा, पश्चिम बंगाल के देवदत्त माझी और महाराष्ट्र के आयुष रवि चौधरी शामिल हैं। वहीं आर्यन मिश्रा ने 99 दशमलव 99 परसेंटाइल हासिल किया। एनटीए ने 2 से 9 अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी। इस वर्ष जेईई मेन 2025 दो सत्र में जनवरी और अप्रैल में आयोजित की गई थी।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने कल सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। हालांकि इस हमले में किसी भी जवान को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। यह विस्फोट बरकेला कैंप से करीब चार किलोमीटर दूर एक पुलिया के पास हुआ, जब जवान घायल साथी को इलाज के लिए ओडिशा के बिरसा स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार पांच सौ रुपये प्रति किलो है।

********************

आज दुनिया भर में लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष के विश्व लिवर दिवस की थीम भोजन ही औषधि है। यह थीम लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने और संपूर्ण खाद्य पदार्थों से भरपूर संतुलित आहार के माध्यम से लिवर की बीमारियों को रोकने में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है।

********************

वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम के विरोध में पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पाकुड़ अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी, पाकुड़ की ओर से जारी आदेश के अनुसार 15 मई तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के अंतर्गत विशेष प्रतिबंध लागू रहेंगे।

********************

रामगढ़ जिले में स्थापित सेंट्रल कोल्फील्ड लिमिटेड बिजली की आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करना चाहती है।

********************

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री पर लगाए गए भाजपा के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजनीतिक स्तर काफी गिरा दिया है।

वहीं झामुमो के वरिष्ठ नेता और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को हफीजूल हसन मामले में कोर्ट जाने की नसीहत दी है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों से प्रेरित होकर जामताड़ा जिले के मोहरा गांव का किसान अचिंतो विश्वास अपने एक एकड़ भूमि पर फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन एवं भााक सब्जियों की खेती कर स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। फूलों की खेती के साथ मधुमक्खी पालन कर अचिंतो विश्वास को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। उनके इस प्रयास से क्षेत्र के कई परिवारों को रोजगार भी मिल रहा है। एक रिपोर्ट

********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में आंधी–तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

********************

सउदी अरब के दम्माम में आयोजित एशियाई अंडर–18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने अब तक एक स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य सहित 11 पदक अपने नाम किया है। झारखंड के साकेत मिंज की चार सदस्यीय टीम ने मेडले रिले में रजत पदक जीता। वहीं हिमांशु जाखड़ ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। पुरुषों की ऊंची कूद में, देवक भूषण ने रजत पदक जीता।

*******समाप्त************